(महावीर प्रसाद शर्मा)
अतिरिक्त खाद्य आयुक्त

# RAJASTHAN STATE LEGAL SERVICES AUTHORITY

**RAJASTHAN HIGH COURT PREMISES, JAIPUR BENCH, JAIPUR**

(Phone : 0141-2227481,2227555, FAX: 2227602, Help line No.2385877)

email: rslsajp@gmail.com website:www.rlsa.gov.in


No. 508-542 Dated 19.04.2014

To

**The Chairman**
District Legal Services Authority
All Rajasthan.

*SUB: Directions given by Hon'ble the Apex Court to safeguard the rights of transgender community.*

Sir,

With reference to the above mentioned, I am under direction to intimate you that under judgment dated 15.01.2014 passed in case of National Legal Services Authority Vs. Union of Indian & Others (Writ Petition No. 400 of 2012), Hon'ble the Apex Court has issued following directions to safeguard the interest of transgender community:-

(2) Hijras, Eunuchs, apart from binary gender, be treated as "third gender" for the purpose of safeguarding their rights under Part III of our Constitution and the laws made by the Parliament and the State Legislature.

(2) Transgender persons' right to decide their self-identified gender is also upheld and the Centre and State Governments are directed to grant legal recognition of their gender identity such as male, female or as third gender.

(3) We direct the Centre and the State Governments to take steps to treat them as socially and educationally backward classes of citizens and extend all kinds of reservation in cases of admission in educational institutions and for public appointments.

(4) Centre and State Governments are directed to operate separate HIV Sero-survellance Centres since Hijras/ Transgenders face several sexual health issues.

(5) Centre and State Governments should seriously address the problemsbeing faced by Hijras/Transgenders such as fear, shame, gender dysphoria, social pressure, depression, suicidal tendencies, social stigma, etc. and any insistence for SRS for declaring one's gender is immoral and illegal.

(6) Centre and State Governments should take proper measures to provide medical care to TGs in the hospitals and also provide them separate

public toilets and other facilities.

(7) Centre and State Governments should also take steps for framing various social welfare schemes for their betterment.

(8) Centre and State Governments should take steps to create public awareness so that TGs will feel that they are also part and parcel of the social life and be not treated as untouchables.

(11) Centre and the State Governments should also take measures to regain their respect and place in the society which once they enjoyed in our cultural and social life.

Complete text of the aforesaid judgment can be accessed and downloaded from the official website of Hon'ble Apex Court, the link of which is as under:-

http://judis.nic.in/supremecourt/qrydisp.aspx?filename=41411

Copy of letter dated 16.04.2014 received from National Legal Services Authority in this behalf is enclosed herewith.

This is for kind information and necessary action. Please send the compliance report within a fortnight.

With regards.

Yours sincerely

*Encl. As Above*

(K.B.Katta)
Member Secretary

राजस्थान सरकार
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
अम्बेडकर भवन, जी 3/1, राजमहल रेजिडेंसी क्षेत्र, जयपुर।

क्रमांक एफ 15 ( ) ( )सा.सु./म.क./सान्याअवि/2016/ 36459-92 दिनांक 8/06/2016

जिला कलेक्टर,

_____।

**ट्रांसजेण्डर समुदाय के व्यक्तियों को पहचान पत्र जारी करने एवं उन्हें कल्याणकारी योजनाओं से जोडने हेतु जिला स्तरीय समिति के गठन बाबत।**

उक्त विषयान्तर्गत प्रशासनिक सुधार (ग्रुप–3) विभाग आदेश कमांक प 6 (20)प्र.सु. ग्रु–3/2016 दिनांक 01.04.2016 द्वारा तृतीय लिंग वर्ग के व्यक्तियों को पहचान पत्र जारी करने एवं उन्हें कल्याणकारी योजनाओं से जोडने हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। उक्त समिति मे निम्नानुसार सदस्यों का मनोनयन किया जायेगा:–

1. सामाजिक कार्यकर्ता
2. तृतीय लिंग वर्ग के 2 प्रतिनिधि
3. एक मनोवैज्ञानिक (स्थानीय स्तर पर उपलब्ध)

क.सं. 3 पर मनोवैज्ञानिक का मनोनयन जिला कलेक्टर द्वारा किया जाना है। क.सं. 1 पर सामाजिक कार्यकर्ता तथा क.सं. 2 पर तृतीय लिंग वर्ग के 2 प्रतिनिधि का मनोनयन जिला कलेक्टर की अभिशंषा पर राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा। कृपया क.सं. 1 एवं 2 हेतु मनोनयन के प्रस्ताव मय अभिशंषा निम्न प्रारूप में भिजवायें :–

| क्र. सं. | नाम | सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में/तृतीय लिंग वर्ग के प्रतिनिधि के रूप में | शैक्षणिक योग्यता | पूर्ण पता | ट्रांसजेण्डर समुदाय के कल्याण कार्यों के अनुभव का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

यदि किसी प्रकार के दस्तावेज संलग्न किये जाने हो तो दस्तावेज संलग्न कर भिजवाये जा सकते है। कृपया योग्य एवं अनुभवी तथा अच्छे चरित्र एवं निष्ठावान व्यक्तियों के प्रस्ताव मय अभिशंषा भिजवायें।

(अम्बरीष कुमार)
निदेशक

क्रमांक क्रमांक एफ 15 ( ) ( )सा.सु./म.क./सान्याअवि/2016/36493-526 दिनांक 8/06/16
प्रतिलिपि सूचनार्थ:–

1. उपनिदेशक/सहायक निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, _____ को प्रेषित कर लेख है कि प्रस्ताव जिला कलेक्टर की अभिशंषा से 15 दिवस में भिजवाना सुनिश्चित करें।

(अशोक कुमार)
अतिरिक्त निदेशक (सा.सु.)

राजस्थान सरकार
प्रशासनिक सुधार (ग्रुप–3) विभाग

क्रमांक प. 6(20) प्र.सु./ग्रुप–3/2016 जयपुर, दिनांक 01-04-2016

## आज्ञा

महामहिम राज्यपाल महोदय की आज्ञा से राज्य में तृतीय लिंग वर्ग के व्यक्तियों को पहचान पत्र जारी करने एवं उन्हें कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन राज्य सरकार द्वारा निम्नानुसार एतद् द्वारा किया जाता है :–

| क्रं. सं. | अधिकारी | पद |
|---|---|---|
| 1 | कलक्टर | अध्यक्ष |
| 2 | मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी | सदस्य |
| 3 | एक सामाजिक कार्यकर्ता | सदस्य |
| 4 | तृतीय लिंग वर्ग के दो प्रतिनिधि | सदस्य |
| 5 | एक मनोवैज्ञानिक/(स्थानीय स्तर पर उपलब्ध) | सदस्य |
| 6 | उपनिदेशक/सहायक निदेशक सान्याअवि | सदस्य – सचिव |

उक्त समिति जिला स्तर पर तृतीय लिंग वर्ग के व्यक्तियों की पहचान कर प्रमाण–पत्र/पहचान–पत्र जारी करने का कार्य करेगी। यह प्रमाण–पत्र/पहचान–पत्र सभी राजकीय प्रयोजनों के लिए जैसे राशनकार्ड, आधारकार्ड, एवं जन्म प्रमाण पत्र इत्यादि के लिए मान्य होगा।

उक्त जिला स्तरीय समिति में क्रम संख्या (3) पर अंकित सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्रम संख्या (4) पर अंकित तृतीय लिंग वर्ग के दो प्रतिनिधि सदस्य जिला कलक्टर की अभिशंषा पर राज्य सरकार द्वारा मनोनीत किये जायेंगे।

क्रम संख्या (5) पर मनोवैज्ञानिक की शैक्षणिक योग्यता एम. ए. (साइकोलोजी) होगी एवं अनुभवी व्यक्ति को वरीयता प्रदान की जायेगी, जिसका मनोनयन जिला कलक्टर द्वारा किया जायेगा। मनोनीत सदस्यों का कार्यकाल 3 वर्ष का होगा, तथा ये बिना कारण बताये हटाये जा सकेंगे।

समिति की बैठक आवश्यकतानुसार जिला कलक्टर द्वारा आयोजित की जायेगी। इस संबंध में आवश्यक इस्तावेज जैसें पंजिकाऐं/पत्रावलियां आदि जिले के उपनिदेशक /सहायक निदेशक (सदस्य–सचिव) द्वारा संधारित की जायेंगी। समिति का प्रशासनिक विभाग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग होगा।

आज्ञा से

(रमेश चन्द्र भारद्वाज)
शासन उप सचिव

प्रतिलिपि निम्न को प्रशासनिक विभाग के माध्यम से सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नानुसार प्रेषित है :–

1. प्रमुख सचिव, महामहिम राज्यपाल महोदय, राजस्थान, जयपुर।
2. सचिव, माननीया मुख्यमंत्री महोदया, राजस्थान, जयपुर।
3. विशिष्ठ सहायक, माननीय मंत्री महोदय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान, जयपुर।
4. मुख्य सचिव/अतिरिक्त मुख्य सचिव (विकास) शासन सचिवालय, जयपुर।
5. प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग शासनसचिवालय, जयपुर।
6. प्रमुख शासन सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
7. निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान, जयपुर को आज्ञा की अतिरिक्त प्रतियां समस्त सम्बन्धित को वितरण हेतु प्रेषित है।
8. समस्त जिला कलेक्टर
9. समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी।
10. समस्त उपनिदेशक/सहायक निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान।
11. गार्ड पत्रावली।

(के.के.खण्डेलवाल)
अनुभागाधिकारी

राजस्थान सरकार

# निदेशालय विशेष योग्यजन

जी 3/1-ए, राजमहल होटल के पीछे, सिविल लाईन, जयपुर

क्रमांक : एफ 16(1)( )वि.यो./15/ 2569 जयपुर, दिनांक : 23/6/15

निदेशक
एवं पदेन शासन सचिव,
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग,
राजस्थान, जयपुर।

P/D. CS(P) P.O. Received No. 24 JUN 2015 R.C.S., JAIPUR

विषय : एच.आई.वी. के साथ जी रहे लोग तथी हिंजडा/ट्रांसजेण्डर को राज्य सरकार द्वारा दी जा रही पेंशन योजना में सम्मिलित करने बाबत।

प्रसंग : परियोजना निदेशक, राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी, जयपुर के पत्रांक 1839 दिनांक 16.06.2015 के क्रम में

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत परियोजना निदेशक, राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी, जयपुर ने निदेशालय में प्रासंगिक पत्र प्रस्तुत कर अनुरोध किया है कि पूर्व में विभागीय आदेश क्रमांक एफ 09(05)(13)/वियो.पेंशन/सान्याअवि/2013-14/8344 दिनांक 17 मई, 2013 के द्वारा हिंजडा समुदाय को मुख्यधारा में लाने व उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करते हुये, राजस्थान सामाजिक सुरक्षा विशेष योग्यजन पेंशन नियम, 2013 के अध्याय 2 के नियम 4 (i) के नीचे 4 (ii) एवं 4 (iii) में जोड़कर पेंशन योजना में प्रावधान कर हिंजडा समुदाय को मुख्यधारा के साथ जोड़ा गया है, जिसकी आवेदन प्रक्रिया को हिंजडा/ट्रांसजेण्डर समुदाय के लिए सुगम बनाने बाबत पत्र प्राप्त हुआ है।

अतः राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी, जयपुर से प्राप्त प्रासंगिक पत्र की छाया प्रति पत्र के साथ संलग्न करते हुये निवेदन है कि आवेदन प्रक्रिया को हिंजडा/ट्रांसजेण्डर समुदाय के लिए सुगम बनाने किये जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही कराने का श्रम करायें।

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(पी.आर. पण्डत)
निदेशक
एवं संयुक्त शासन सचिव

क्रमांक : एफ 16(1)( )वि.यो./15/ 2590 जयपुर, दिनांक 23/6/15

प्रतिलिपि : परियोजना निदेशक, राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी, स्वास्थ्य भवन, सी-स्कीम, जयपुर को सूचनार्थ प्रेषित है।

(अनीता मीना)
अतिरिक्त निदेशक

E:\sld-pc-data\Pen\HANDICAPPED\Jagdish ji\16-1 registration-II doc.doc
fax number- 0141-2222249, 2222267

2/1867/ ext/PA
RECEIVED 16 NOV 2016
R.S.A.C.S., JAIPUR

# राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर


राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर,जयपुर पीठ,जयपुर

**Phone: 0141-2227481, 2227555, 2227602 FAX, 2385877 Help Line- 15100**


क्रमांक :—एफ 8 (01)/पैरा—लीगल वॉलियन्टर/DS-II/16071 - 16105 दिनांक :— 10/11/2016

प्रेषितिः—

श्रीमान् अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
(जिला एवं सैशन न्यायाधीश)
समस्त राजस्थान।

विषयः— पैरा लीगल वोलेन्टियर्स नियुक्ति के कम में।

प्रसंगः— इस कार्यालय का पूर्व पत्रांक 3121—3338 दिनांक 02.05.2012

महोदय,

सादर निवेदन है कि प्रासंगिक पत्र के जरिये पूर्व में जिला प्राधिकरण/तालुका समिति स्तर पर पैरा लीगल वोलेन्टियर्स की नियुक्ति हेतु दिशा निर्देश प्रदान किये गये थे। माननीय कार्यकारी अध्यक्ष महोदय, रालसा के निर्देशानुसार HIV के साथ जी रहे लोग, उच्च जोखिम समुदाय एवं ट्रासजेण्डरर्स को, जो PLV की योग्यता पूरी करते हो, PLV के रूप में चयन करें एवं जिला /तालुका स्तर पर नियुक्त करें ताकि वे HIV समुदाय एवं ट्रांसजेण्डर्स को कानूनी अधिकारों की जानकारी देकर उनको कानूनी जानकारी से सक्षम बना सके।

भवदीय,
— Sd —
(एस0के0जैन)
सदस्य सचिव
(जिला एवं सेशन न्यायाधीश)

क्रमांक : 16106 दिनांक : 10-11-2016

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है—

परियोजना निदेशक, राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी, निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, स्वास्थ्य भवन तिलक मार्ग, जयपुर।

सदस्य सचिव 10/11/16

# राजस्थान सरकार
## सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
जी 3/1 अम्बेडकर भवन, राजमहल रेजीडेन्सी ऐरिया, जयपुर

क्रमांकः-- एफ 9(05)(12–1)/सा.न्या.अ.वि/2015–16/14787 जयपुर,दिनांक : 18/11/16

# आदेश

राजस्थान सामाजिक सुरक्षा विशेष योग्यजन पेंशन नियम, 2013 के अन्तर्गत विभागीय समसंख्यक आदेश क्रमांक 8344 दिनांक 17.05.2013 से प्राकृतिक रूप से हिंजडेपन से ग्रसित व्यक्तियों को पेंशन लाभ दिए जाने का प्रावधान किया गया था। **"प्राकृतिक रूप से हिंजडेपन ग्रस्त व्यक्ति"** के स्थान पर **"ट्रान्सजेण्डर"** पढा जावे।

(रवि जैन)
निदेशक

क्रमांकः-- एफ 9(05)(12–1)/सा.न्या.अ.वि/2015–16/14788-15186 जयपुर,दिनांक : 18/11/16
प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदया, राजस्थान जयपुर।
2. विशिष्ठ सहायक, माननीय मंत्री महोदय, सान्याअवि,राजस्थान जयपुर।
3. उप सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान, जयपुर।
4. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राज. जयपुर।
5. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, वित्त/ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज. विभाग/राजस्व/नगरीय विकास एवं आवासन विभाग राजस्थान, जयपुर।
6. निजी सचिव, निदेशक, आयोजना विभाग, राजस्थान, जयपुर।
7. समस्त जिला कलक्टर।
8. निदेशक, कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर।
9. प्रमुख प्रणाली विश्लेषक, एन.आई.सी. राजस्थान, जयपुर ।
10. अतिरिक्त निदेशक (सामाजिक सुरक्षा), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान।
11. समस्त कोषाधिकारी/उपकोषाधिकारी।
12. समस्त उपखण्ड अधिकारी/समस्त विकास अधिकारी।
13. समस्त उप निदेशक/सहायक निदेशक/जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान।
14. आदेश पत्रावली।

(डी.सी. चौधरी)
अतिरिक्त निदेशक (पेंशन)

# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 7(4)अकाद/निकाशि/प्रवेशनीति/2013/II/383 दिनांकः 23 जून, 2015

प्राचार्य,
समस्त राजकीय/निजी महाविद्यालय
राजस्थान।

विषयः ट्रांसजेण्डर (Third Gender) के अभ्यर्थियों के प्रवेश बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निर्देशानुसार लेख है कि माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय दिनांकः 15.04.2014 के अनुसरण में सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े तृतीय लिंग के लोगों को उच्च शिक्षा के समुचित अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभागीय निर्णयानुसार निर्देशित किया जाता है कि :–

1. यदि तृतीय लिंग (third gender/trans gender ) के किसी अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश हेतु सम्पर्क किया जाता है तो उसे CAF के माध्यम से 31 जुलाई, 2015 तक प्रवेश दिया जावे (CAF में आवश्यक संशोधन किये गये हैं)।

2. इन अभ्यर्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में निर्धारित सीटों के अतिरिक्त सीटों पर न्यूनतम उत्तीर्णांक पर प्रवेश देय है।

3. इस वर्ग के अभ्यर्थियों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाना है।

4. इस वर्ग में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी की लिंग संबंधी स्वयं की घोषणा आधार रहेगी।

यदि इस वर्ग के अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश लिया जाता है तो उसकी सूचना आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर को भेजना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

23/6/15

**संयुक्त निदेशक(अकादमिक),**
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 7(4)अकाद/निकाशि/परीक्षा/2013/II/383 दिनांकः 23 जून, 2015

प्रतिलिपिः वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय। कृपया पत्र को विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करने का श्रम करें।

23/6/15

**संयुक्त निदेशक(अकादमिक),**
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

राजस्थान सरकार
श्रम तथा नियोजन विभाग

6105

क्रमांक प01(2)/बेरोजगारी भत्ता योजना/2012–13/ दिनांक: 11/6/2019

आदेश

राज्य सरकार के नीतिगत दस्तावेज में समाहित बिन्दु संख्या 10 के उप बिन्दु 1 के अनुसरण में पूर्व से संचालित "अक्षत योजना" के नाम में परिवर्तन करते हुए राजस्थान राज्य में स्नातक बेरोजगार आशार्थियों को बेरोजगारी भत्ता देने हेतु "मुख्यमंत्री युवा सम्बल योजना" के दिशा–निर्देश स्पष्ट किये जाते है:–

## मुख्यमंत्री युवा सम्बल योजना

1. **नाम** :– यह योजना"मुख्यमंत्री युवा संम्बल योजना"कहलाएगी।

2. **प्रचार/विस्तार** :– यह योजना सम्पूर्ण राजस्थान राज्य में लागू होगी।

3. **प्रारम्भ होने की तिथि** :– यह योजना 1 फरवरी, 2019 से लागू हो चुकी है।

4. **परिभाषा** :–

(i) **योजना** :–"मुख्यमंत्री युवा सम्बल योजना "

(ii) **पारिवारिक आय** :– परिवार की कुल वार्षिक आय में माता–पिता, पति–पत्नी तथा अवयस्क बच्चों की आय सम्मिलित है।

(iii) **बेरोजगार** :–योजना में निर्धारित पात्रता में आने वाले राज्य के मूल निवासी स्नातक एवं समकक्ष योग्यताधारी बेरोजगार जो आवेदन की तिथि को स्थानीय रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना आवश्यक है, परन्तु आवेदन तिथि तक उसे रोजगार प्राप्त नहीं हुआ हो अथवा स्वयं का कोई रोजगार नहीं कर रहा हो।

(iv) **योग्यताधारी** :–राजस्थान राज्य में स्थित विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालयों से मान्यता प्राप्त कालेजों से स्नातक डिग्री व समकक्ष डिग्री।

(v) **बेरोजगारी भत्ता** :– पात्र बेरोजगारों को दिया जाने वाला भत्ता।

5. पात्रता :–

(i) प्रार्थी राजस्थान प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए।

(ii) (क)राजस्थान राज्य में स्थित विधि द्वारा स्थापित किसी भी विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त स्नातक डिग्रीधारी होना चाहिए।

(ख) राज्य से इतर अन्य राज्य में विधि द्वारा स्थापित किसी भी विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त स्नातक डिग्रीधारी महिला का विवाह राजस्थान राज्य के मूल निवासी से होने पर पात्र होगी।

(iii) प्रार्थी राजकीय या निजी क्षेत्र में सेवारत नहीं हो। प्रार्थी के पास स्व–रोजगार भी नहीं हो।

(iv) आयु सीमा :– भत्ता प्राप्त करने की पात्रता हेतु कोई न्यूनतम सीमा नहीं होगी परन्तु अधिकतम आयु सीमा सामान्य आशार्थियों के लिए 30 वर्ष एवं अनुसूचित जाति/जनजाति, महिला एवं विशेष योग्यजन (निःशक्तजन) आशार्थियों के लिए अधिकतम आयु 35 वर्ष होगी।

(v) प्रार्थी आवेदन की तिथि से पूर्व स्थानीय रोजगार कार्यालय में ऑनलाईन पंजीकृत होना आवश्यक है।

(vi) प्रार्थी वर्तमान में अन्य किसी कोष से किसी भी प्रकार का भत्ता/छात्रवृति या किसी भी प्रकार की सहायता प्राप्त नहीं कर रहा हो।

(vii) प्रार्थी किसी भी राजकीय विभाग या संस्थान द्वारा किसी भी पद पर से पदच्युत(बर्खास्त) नहीं किया गया हो।

(viii) बेरोजगारी भत्ता प्रार्थी को अधिकतम दो वर्ष की अवधि अथवा उसके नियोजन/ स्व नियोजन प्राप्त करने तक की अवधि जो भी पहले हो के लिए स्वीकार्य होगा।

(ix) भत्ता प्राप्त करने के दौरान प्रार्थी का रोजगार कार्यालय में पंजीयन निरन्तर जारी रहना चाहिए।

(x) यदि एक परिवार में एक से अधिक बेरोजगार है तथा वे इस योजना के तहत योग्य हैं तो उनमें से अधिकतम दो व्यक्तियों को बेरोजगारी भत्ता देय होगा।

(xi) प्रत्येक वर्ष में अधिकतम एक लाख साठ हजार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता लाभांवित किया जावेगा जो पात्रता की शर्तों के अनुसार अधिकतम दो वर्ष की अवधि तक देय होगा। प्रतिवर्ष एक जुलाई को पात्र होने वाले युवाओं का चयन स्वतः पोर्टल के माध्यम से किया जावेगा तथा एक लाख साठ हजार से अधिक पात्र आवेदक होने की स्थिति में अधिक आयु वाले आवेदकों को वरीयता दी जावेगी। यदि एक जुलाई को एक लाख साठ हजार से अधिक आवेदक पात्र होते हैं तो उनमें से अधिक आयु के एक लाख साठ हजार युवाओं का भत्ता (पूर्व में प्राप्त कर रहे युवाओं सहित) चयन कर बेरोजगारी भत्ता दिया जावेगा। यदि एक जुलाई को एक लाख साठ हजार से कम आवेदक पात्रता रखते हैं तो उन सभी को चयनित कर बेरोजगारी भत्ता दिया जावेगा व एक लाख साठ हजार में से शेष युवाओं का चयन आगामी एक जनवरी को किया जावेगा।

6. **अपात्रता** :– इस योजना के अन्तर्गत निम्न प्रकार के आशार्थी बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए अपात्र होंगे–

(i) वे बेरोजगार इंजीनियर्स जो कि राज्य सरकार की बेरोजगार इंजीनियर्स को बगैर निविदा आमंत्रित किये जाने की योजना के तहत पात्रता रखते हैं तथा जिनके द्वारा इसका लाभ लिया जा रहा है।

(ii) इस प्रकार के बेरोजगार जो कि स्नातक उपाधि के पश्चात् भी अपनी शिक्षा निरन्तर रख रहे हैं।

(iii) इस प्रकार के बेरोजगार जो कि किसी अन्य योजना जैसे कि PMGSY & MNREGA तहत् लाभ प्राप्त कर रहे हैं। MNREGA में पंजीकृत बेरोजगार स्नातकों को भी इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

(iv) ऐसे बेरोजगार स्नातक जिसकी पारिवारिक वार्षिक आय दो लाख रूपये से अधिक हो।

(v) पूर्व में प्रचलित अक्षत योजना –2007 या अक्षत कौशल योजना –2009 या अक्षत योजना (राजस्थान बेरोजगारी भत्ता योजना 2012) में भत्ता प्राप्त कर चुके आशार्थी।

(vi) जिनको किसी सरकारी विभाग या संस्था द्वारा पदच्युत कर दिया गया हो।

(vii) जिनके विरूद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज हो।

(viii) जो सरकारी/निजी क्षेत्र में सेवारत हो या जिनका स्वयं का रोजगार हो।

(ix) जो केन्द्र या राज्य सरकार की किसी भी अन्य योजना के अन्तर्गत छात्रवृति, सहायता या लाभ प्राप्त कर रहे हों।

7. **बेरोजगारी भत्ता भुगतान** :– योजनान्तर्गत पात्र प्रार्थियों को बेरोजगारी भत्ते का भुगतान निम्न प्रकार किया जायेगाः–

(अ) पुरूष प्रार्थी – 3000 रूपये प्रतिमाह।

(ब) महिला एवं विशेष योग्यजन (निःशक्तजन) प्रार्थी– 3500 रूपये प्रतिमाह।

बेरोजगारी भत्ता दो वर्ष की अधिकतम अवधि अथवा रोजगार पाने/स्वयं का रोजगार पाने तक, जो भी पहले हो, के लिए ही किया जायेगा। यदि कोई लाभार्थी बिन्दु 6 के अनुसार अपात्र हो जाता है तो उसका भत्ता उसी दिनांक से बन्द कर दिया जायेगा।

8. **आवेदन प्रक्रिया :–**

(i) बेरोजगारी भत्ते के लिए पात्र प्रार्थी को बेरोजगारी भत्ता पाने के लिए स्थानीय रोजगार कार्यालय, जहां वह पंजीकृत है, ऑनलाईन आवेदन करना होगा। आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाणपत्र/दस्तावेज ई–साईन कर अपलोड करने होंगे :–

1. पात्र आशार्थी द्वारा स्वघोषित आवेदन पत्र (Annexure -1)।
2. योजना के पात्रता संबंधी बिन्दु संख्या 5 तथा अपात्रता संबंधी बिन्दु संख्या 6 के संबंध में प्रार्थी द्वारा हस्ताक्षरित स्व–घोषणा।
3. विशेष योग्यजन (निःशक्तजन) प्रार्थी की दशा में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निःशक्तता से संबंधित प्रमाण पत्र ।
4. प्रार्थी का राजस्थान का मूल निवासी होने संबंधी सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र। राज्य से बाहर स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण विवाहित महिला प्रार्थी की दशा में पति का राजस्थान का मूल निवास प्रमाण पत्र व विवाह प्रमाण पत्र।
5. प्रार्थी की जन्मतिथि के संबंध में सैकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण संबंधी प्रमाण पत्र/ अंकतालिका।
6. स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने संबंधी अंकतालिका/डिग्री।
7. प्रार्थी के स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की शाखा में खोले गये एकल बचत बैंक खाते की पास–बुक की प्रति।
8. प्रार्थी के पारिवारिक वार्षिक आय के संबंध में Annexure –I (तहसीलदार/ नोटेरी पब्लिक द्वारा प्रमाणित) तथा Annexure -K
9. अनुसूचित जाति/ जनजाति के प्रार्थी का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र।

(ii) प्रार्थी को बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के प्रथम वर्ष की समाप्ति पर बेरोजगार होने का आवेदन पत्र (बेरोजगार होने संबंधी) ई–साईन कर अपलोड करना होगा। साथ ही प्रार्थी के पारिवारिक वार्षिक आय के संबंध में Annexure –I (तहसीलदार/नोटेरी पब्लिक द्वारा प्रमाणित) तथा Annexure –K में अपलोड करना होगा। गलत तथ्यों के आधार पर वार्षिक आय प्रमाणीकरण करना दण्डनीय माना जायेगा।

(iii) प्रार्थी को यदि भत्ता प्राप्त करने की अवधि में किसी प्रकार का रोजगार/स्वरोजगार प्राप्त होता है तो वह उसी माह में उपस्थित होकर लिखित अथवा रजिस्टर्ड डाक से संबंधित रोजगार कार्यालय को सूचित करेगा। सही समय पर सूचना न देकर भत्ता प्राप्त करना दण्डनीय माना जायेगा।

(iv) चयनित/अनुमोदित प्रार्थी को एकल बचत बैंक खाता स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की शाखा में खुलवाना अनिवार्य होगा। जिसका पूर्ण ब्यौरा प्रार्थी अपने आवेदन पत्र में अंकित करेगा।

(v) प्रार्थी को सरकार द्वारा निर्धारित सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त आय प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र के साथ ई–साईन कर अपलोड करना होगा।

(vi) यदि कोई प्रार्थी किसी भी प्रकार के गलत तथ्य/सूचना देता है तो उसके विरूद्ध पुलिस में एफ.आई.आर. दर्ज करवाई जायेगी।

(vii) बेरोजगारी भत्ते हेतु प्रार्थी किसी भी ई–मित्र कियोस्क के माध्यम से/स्वयं की SSO ID से लॉगइन कर Employment Exchange Management System (EEMS) पर ऑनलाईन आवेदन कर सकता है। योजना की विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट www.employment.livelihoods.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

9. **बेरोजगारी भत्ते की स्वीकृति, भुगतान की प्रक्रिया तथा बजट आवंटन :–**

(i) इस योजना का संचालन एवं मोनिटरिंग संबंधित रोजगार कार्यालय कार्यालयाध्यक्षों के माध्यम से किया जायेगा। इस भत्ते के प्रयोजनार्थ राज्य सरकार द्वारा रोजगार विभाग को बजट आवंटन किया जायेगा।

(ii) यदि किसी प्रार्थी को भत्ता प्राप्त करने की अवधि में किसी भी प्रकार से अपात्र पाया जायेगा तो भुगतान किये गये भत्ते की वसूली की जायेगी।

(iii) इस योजना की क्रियान्विति के लिए रोजगार सेवा निदेशालय नोडल ऐजेन्सी के रूप में कार्य करेगा।

(iv) बेरोजगारी भत्ते की राशि मासिक आधार पर देय होगी।

(v) बेरोजगारी भत्ते के भुगतान हेतु एक ही बैंक से करार किया जायेगा।

(vi) रोजगार विभाग तथा संबंधित जिला कलक्टर समय समय पर तथ्यों की जांच कर सकेंगे।

इस योजना की स्वीकृति प्रमुख शासन सचिव, वित्त विभाग के आई.डी. क्रमांक 3319070291 दिनांक 30/3/2019 के द्वारा प्राप्त कर ली गई है।

आज्ञा से

(निकया गोहाएन)
संयुक्त शासन सचिव

क्रमांक प01(2)/बेरोजगारी भत्ता योजना/2012–13/6205–6209 दिनांक: 11/6/2019

प्रतिलिपि :–

1. मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. प्रमुख शासन सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, मुख्यमंत्री कार्यालय, जयपुर।
3. अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्त विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. विशिष्ठ सहायक, माननीय मंत्री महोदय, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, राज0 जयपुर।
5. संभागीय आयुक्त, .....
6. समस्त जिला कलक्टर, राजस्थान।
7. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान, जयपुर।
8. निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, राजस्थान, जयपुर।
9. निदेशालय के समस्त अनुभागाधिकारी।
10. नोडल अधिकारी (कम्प्यूटर), रोजगार सेवा निदेशालय, जयपुर।
11. रोजगार विभाग के समस्त कार्यालयाध्यक्ष, राजस्थान।

11/6/19
(निकया गोहाएन)
संयुक्त शासन सचिव

# मुख्यमंत्री युवा सम्बल योजनान्तर्गत ऑनलाईन अपलॉड किये जाने वाले दस्तावेजों की सूची

1. पात्र आशार्थी द्वारा स्वघोषित लिखित आवेदन पत्र (Annexure -1)।
2. योजना के पात्रता संबंधी बिन्दु संख्या 5 तथा अपात्रता संबंधी बिन्दु संख्या 6 के संबंध में प्रार्थी द्वारा हस्ताक्षरित स्व–घोषणा।
3. विशेष योग्यजन (निःशक्तजन) प्रार्थी की दशा में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निःशक्तता से संबंधित प्रमाण पत्र ।
4. प्रार्थी का राजस्थान का मूल निवासी होने संबंधी सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र। राज्य से बाहर स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण विवाहित महिला प्रार्थी की दशा में पति का राजस्थान का मूल निवास प्रमाण पत्र व विवाह प्रमाण पत्र।
5. प्रार्थी की जन्मतिथि के संबंध में सैकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण संबंधी प्रमाण पत्र/अंकतालिका।
6. स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने संबंधी अंकतालिका/डिग्री।
7. प्रार्थी के स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की शाखा में खोले गये एकल बचत बैंक खाते की पास–बुक की प्रति।
8. प्रार्थी के पारिवारिक वार्षिक आय के संबंध में Annexure –I (तहसीलदार/नोटेरी पब्लिक द्वारा प्रमाणित) तथा Annexure -K
9. अनुसूचित जाति/जनजाति के प्रार्थी का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र।

**Annexure-1**

The written declaration as given hereunder will be included at the end of the application form for getting Unemployment Allowance:

I ---------- Son/ Daughter/ Wife of Shri ----------Age(date of birth)---------resident of ----------District----------Rajasthan, hereby declare that the informtion given above and in the enclosed documents is true to the best of my knowledge and belief and nothing has been concealed therein. I am well aware of the fact that if the information given by me is proved false/not true, I will have to face the punishment as per the law. Also, all the benefits availed by me shall be summarily withdrawn.

**Signature of applicant**

| |
|---|
| Affix recent photograph of the applicant with signature |

## प्रार्थी द्वारा योजना की शर्तों को पूर्ण करने संबंधी स्व–घोषणा

मै .....पुत्र श्री.....

घोषणा करता हूँ/करती हूँ :–

(i) वे बेरोजगार इन्जीनियर्स जो कि राज्य सरकार की बेरोजगार इन्जीनियर्स को बगैर निविदा आमंत्रित किये जाने की योजना के तहत पात्रता रखतें हैं तथा जिनके द्वारा इसका लाभ लिया जा रहा है।

(ii) इस प्रकार के बेरोजगार जो कि स्नातक उपाधि के पश्चात् भी अपनी शिक्षा निरन्तर रख रहें हैं।

(iii) इस प्रकार के बेरोजगार स्नातक जो कि किसी अन्य रोजगार योजना जैसे कि PMGSY & MNREGA के तहत लाभ प्राप्त कर रहें हैं। MNREGA में पंजीकृत बेरोजगार स्नातकों को भी इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

(iv) ऐसे बेरोजगार स्नातक जिसकी पारिवारिक वार्षिक आय दो लाख रूपये से अधिक हो।

(v) पूर्व में प्रचलित अक्षत योजना 2007 या अक्षत कौशल योजना 2009 या अक्षत योजना (राज्य बेरोजगारी भत्ता योजना 2012) में लाभ प्राप्त कर चुके आशार्थी।

(vi) जिनको किसी सरकारी विभाग या संस्था द्वारा पदच्युत कर दिया गया हो।

(vii) जिनके विरूद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज हो।

(viii) जो सरकारी/निजी क्षेत्र में सेवारत हो या जिनका स्वयं का रोजगार हो।

(ix) जो केन्द्र या राज्य सरकार की किसी भी अन्य योजना के अन्तर्गत छात्रवृति, सहायता या लाभ प्राप्त कर रहे हो।

(x) मेरे परिवार में मेरे सहित अधिकतम 2 पात्र व्यक्तियों ने आदिनांक तक अक्षत योजना 2007 या अक्षत कौशल योजना 2009 या अक्षत योजना (राज्य बेरोजगारी भत्ता योजना 2012) में भत्ता प्राप्त किया हो।

उपरोक्त स्व–घोषणा पत्र के बिन्दु संख्या (i) से (x) तक मुझ पर लागू नहीं होते तथा मैं योजनानुसार अपात्र नहीं हूँ। यदि उपरोक्त घोषणा पत्र बाद में झूठा साबित होने पर भारतीय दंड संहिता, अपराध दंड संहिता तथा अन्य विधि सम्मत कानून के तहत कार्यवाही हेतु मैं जिम्मेदार रहूँगा/रहूँगी।

प्रार्थी के हस्ताक्षर एवं नाम

परिशिष्ठ – आई

# आय का घोषणा पत्र

आवेदक सम्बन्धी आवश्यक सूचना (वैकल्पिक बिन्दु को ✓ से चयन करे)

प्रार्थी का फोटो

(पासपोर्ट साईज)

(उत्तरदायी व्यक्ति से फोटो सत्यापित करावें)

1. प्रार्थी का नाम*
2. पिता का नाम*
3. निवास स्थान का पूर्ण पता*
   (क) वर्तमान पता :–
   (ख) स्थाई पता :–
4. गाँव/शहर* तहसील* जिला*
5. जन्म दिनांकः ----/----/---------- जन्म स्थान उम्र
6. लिंग* पुरूष महिला वैवाहिक स्थिति : विवाहित अविवाहित
7. धर्म (आवेदक)*: जाति* : उप जाति*
8. क्या आप/आपका परिवार राजस्थान के मूल निवासी है? हाँ नहीं
9. क्या आप आयकर दाता हैं*? हाँ नहीं
10. मोबाईल नम्बर
11. पेन कार्ड होने की दशा में पेन कार्ड नम्बर ..... एवं आयकर विभाग की रिटर्न की अद्यतन प्रति संलग्न करें।
12. टिन नम्बर होने की दशा में टिन नम्बर ..... एवं वाणिज्यिक कर विभाग की रिटर्न की अद्यतन प्रति संलग्न करें ।
13. परिवार के सदस्य व उनकी वार्षिक आय का विवरण

| क्र.सं. | सदस्य का नाम | उम्र | सम्बन्ध मुखिया से | आय/व्यवसाय व उसकी प्रकृति | वार्षिक आय (रुपये) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

अन्य स्त्रोत से आय (यथा मकान किराया, ब्याज, पेंशन, शेयर, म्यूचुअल फण्ड).....

14. उक्त तथ्यों के सत्यापन स्वरूप दो उत्तरदायी व्यक्तियों की साक्ष्य प्रमाण पत्र एवं स्वयं का शपथ–पत्र संलग्न है।

मैं तसदीक करता/करती हूं कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है।

दिनांकः ...../...../.....

स्थान .....

प्रार्थी के हस्ताक्षर

परिशिष्ठ – के

# उत्तरदायी व्यक्तियों के साक्ष्य प्रमाण पत्र

(i) गवाह* :

मैं _____ पुत्र / पुत्री श्री _____

निवासी _____

विभाग का नाम _____ पद _____

पर कार्यरत हूं एवं शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि,

प्रार्थी / प्रार्थीया _____ पुत्र / पुत्री श्री _____

निवासी _____

को भली प्रकार से जानता हूं इनकी पारिवारिक वार्षिक आय _____ रुपये है, इसके अलावा प्रार्थी के पास आय का कोई अन्य स्त्रोत नहीं है।

(हस्ताक्षर / उत्तरदायी गवाह)

नाम..... दिनांक ..... स्थान .....

000010

(ii) गवाह* :

मैं _____ पुत्र / पुत्री श्री _____

निवासी _____

विभाग का नाम _____ पद _____

पर कार्यरत हूं एवं शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि,

प्रार्थी / प्रार्थीया _____ पुत्र / पुत्री श्री _____

निवासी _____

को भली प्रकार से जानता हूं इनकी वार्षिक आय _____ रुपये है, इसके अलावा प्रार्थी के पास आय का कोई अन्य स्त्रोत नहीं है।

(हस्ताक्षर / उत्तरदायी गवाह)

नाम..... दिनांक ..... स्थान .....

---

नोट – आवेदक की नवीनतम फोटो जिसे आवेदन पत्र पर दिये गये स्थान पर चिपकाएं (स्टेपल नहीं करना है) तथा उसे अभिशंषा करने वाले उत्तरदायी व्यक्ति से सत्यापित करावें। उत्तरदायी व्यक्ति यथा – संसद सदस्य / विधान सभा सदस्य / राजपत्रित अधिकारी / जिला प्रमुख / प्रधान / जिला परिषद् सदस्य / ग्राम सेवक / पटवारी / महापौर / नगर निगम सदस्य / नगरपालिका अध्यक्ष / स्कूल के हेडमास्टर / सम्बन्धित पी.एच.सी / सी.एच.सी. के चिकित्सक / बी.डी.ओ. / सहायक अभियन्ता

ACP:
please upload
9/X/19

**राजस्थान सरकार**
श्रम, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग

क्रमांकः प.1(2)बेरो.भत्ता/12–18/पार्ट–III जयपुर, दिनांक 09 OCT 2019

## आदेश

श्रम एवं नियोजन विभाग के आदेश क्रमांक प.1(2)बेरो.भत्ता/2012–13/6105– 6209 दिनांक 11.06.2019 के द्वारा राज्य में स्नातक बेरोजगार आशार्थियो को बेरोजगारी भत्ता देने हेतु मुख्यमंत्री युवा सम्बल योजना के दिशा निर्देश जारी किये गये है।

राज्य में स्नातक बेरोजगार आशार्थियो को बेरोजगारी भत्ता देने हेतु मुख्यमंत्री युवा सम्बल योजना के दिशा निर्देशों से संबंधित आदेश क्रमांक प.1(2)बेरो. भत्ता/2012–13/ 6105–6209 दिनांक 11.06.2019 के विद्यमान बिन्दु संख्या–5 (ii) एवं बिन्दु संख्या–7 में निम्नानुसार जोड़ा जाता है:–

**बिन्दु संख्या–5(ii):**–"(ग) ट्रान्सजेन्डर श्रेणी के आशार्थी राजस्थान राज्य में स्थित विधि द्वारा स्थापित किसी भी विश्वविद्यालय से प्रद्त स्नातक डिग्री धारक" होना चाहिये।

**बिन्दु संख्या–7:**– "(स) ट्रान्सजेन्डर श्रेणी के लिये पात्र आशार्थी 3500/– रूपये प्रतिमाह"।

उक्त आदेश वित्त विभाग की आई.डी.संख्या 101904162 दि.13.09.2019 के क्रम में जारी किये जा रहें है।

**आज्ञा से,**

**संयुक्त शासन सचिव**

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–**

1 प्रमुख शासन सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, मुख्यमंत्री कार्यालय, जयपुर।
2 निजी सचिव, माननीय राज्य मंत्री महोदय (स्वतंत्र प्रभार), कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग जयपुर।
3 व.शासन उप सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4 अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्त विभाग, राजस्थान, जयपुर।
5 प्रमुख शासन सचिव, आयोजना विभाग, जयपुर।
6 संभागीय आयुक्त––––––––।
7 समस्त जिला कलक्टर, राजस्थान।
8 निदेशक, सूचना एवं जनसर्म्पक विभाग, जयपुर।
9 आयुक्त कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, जयपुर।
10 संयुक्त निदेशक (स्व. रोजगार), रोजगार सेवा निदेशालय, जयपुर।
11 ए.सी.पी. (उप निदेशक), रोजगार सेवा निदेशालय, जयपुर को विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने बाबत्।
12 रोजगार विभाग के समस्त कार्यालयाध्यक्ष, राजस्थान।

**सहायक शासन सचिव**

38/Labour/order/Lokesh Rathi

ACP
PN 1494
दि. 9/10

अति–आवश्यक
डाक/ईमेल

**राजस्थान सरकार**
**खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग**

पत्र कमांकःएफ 13(10)(5)खा.वि./आवंटन/2013 जयपुर, दिनांक : 08-08-2019

समस्त,
जिला रसद अधिकारी,
राजस्थान।

विषयः– खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों के रूप में एड्स पीडित व्यक्तियों के चयन के समय उन्हें उपलब्ध कराई गई ग्रीन डायरी को प्रमाणिक दस्तावेज मानने बाबत।

प्रसंगः– निदेशक(एड्स), राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी, जयपुर के पत्र कमांक RSACS/IEC/Mainstreaming/2019-20/2162, दिनांक 25.07.2019

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र द्वारा निदेशक(एड्स), राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी, जयपुर ने खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों के रूप में एड्स पीडित व्यक्तियों के चयन के समय उन्हें उपलब्ध कराई गई ग्रीन डायरी को प्रमाणिक दस्तावेज मानने हेतु लिखा है।

अतः निर्देशानुसार लेख है कि खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत निर्धारित मापदण्डानुसार पात्र लाभाथियों के रूप से एड्स पीडित व्यक्तियों का चयन करते समय राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी, जयपुर द्वारा उन्हें जारी की गई ग्रीन डायरी को प्रमाणिक दस्तावेज के रूप में माना जाना सुनिश्चित करें। साथ ही उक्त निर्णय से अपने जिले के सभी उपखण्ड अधिकारियों को भी अवगत करावें।

**संलग्नः–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

( महेन्द्र सिंह राठौड )
उपायुक्त एवं उपशासन सचिव

प्रतिलिपिः–

निदेशक(एड्स), राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी, जयपुर को उनके पत्र कमांक RSACS/IEC/Mainstreaming/2019-20/2162, दिनांक 25.07.2019 के कम में सूचनार्थ प्रेषित है।

9-8-19

उपायुक्त एवं उपशासन सचिव